# कार से टकराई बाइक, महिला की मौत, नाती गंभीर

### बीमार बेटी को देखने दतिया जाने के लिए निकली थी वृद्धा





**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** अंचल के पनिहार थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। अपनी बीमार बेटी का हालचाल जानने के लिए दतिया जाने निकली एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब महिला को बस स्टैंड छोड़ने जा रहे उनके नाती की बाइक के हैंडल में अचानक एक बैग अटक गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कार से जा टकराई। इस भीषण भिड़ंत में बुजुर्ग महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनका नाती गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, पनिहार क्षेत्र के नयापुरा की रहने वाली बैजयंती देवी (80 वर्ष) पत्नी हरगोविंद चौरसिया की बेटी सावित्री दतिया में रहती हैं और पिछले कुछ समय से काफी बीमार चल रही हैं। अपनी बीमार बेटी को देखने और उसका हालचाल जानने के लिए बैजयंती देवी दतिया जाने के लिए घर से निकली थीं। उन्हें दतिया की बस में बैठाने के लिए उनका नाती दीपक चौरसिया बाइक से नाका चंद्रबदनी बस स्टैंड लेकर आ रहा था।

**हैंडल में बैग अटकने से बिगड़ा संतुलन, रायपुर पुलिया के पास हुई भिड़ंत:**

दीपक अपनी नानी को लेकर जैसे ही पनिहार थाना क्षेत्र में रायपुर पुलिया के पास नयापुरा के समीप पहुँचा, तभी अचानक बाइक के हैंडल में टंगा हुआ बैग फंस गया। हैंडल अटकने के कारण दीपक बाइक का संतुलन खो बैठा और तेज रफ्तार बाइक सीधे सड़क किनारे खड़ी एक कार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट आने के कारण बुजुर्ग बैजयंती देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक चौरसिया गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घायल नाती अस्पताल में भर्ती हादसे की सूचना मिलते ही पनिहार थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से लहूलुहान हालत में दीपक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। वहीं, मृतका बैजयंती देवी के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम (पीएम) हाउस भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# पति के विश्वासघात की भेंट चढ़ी प्रीति की जिंदगी

### आगरा के बाह में हुआ आज अंतिम संस्कार, पति रहा गायब



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** किला गेट क्षेत्र में टूटी दीवार के पास पेड़ से लटककर आत्महत्या करने वाली महिला प्रीति की मौत के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। परिजनों का आरोप है कि यदि प्रीति का पति पांच महीने पहले पंचायत में किए गए अपने लिखित वादे पर कायम रहता, तो आज उसकी जान बच सकती थी। बार-बार मिले विश्वासघात और घरेलू प्रताड़ना से तंग आकर आखिरकार महिला ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतका प्रीति का अंतिम संस्कार रविवार सुबह उसके पैतृक गांव रजपुरा (बाह, जिला आगरा) में किया गया। इस बेहद गमगीन माहौल में मृतका के छोटे बेटे निखिल ने अपनी मां की चिता को मुखाग्नि दी। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस अंतिम विदाई के दौरान मृतका का पति देवेंद्र वहां मौजूद नहीं था। परिजनों के अनुसार, प्रीति का घर बचाने के लिए मायके वालों ने हर संभवप्रयास किए थे। बेटी की खुशहाली की खातिर उन्होंने अपने गहने तक गिरवी रख दिए थे। इस विवाद को सुलझाने के लिए कई बार सामाजिक पंचायतें भी हुईं और समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन ससुराल पक्ष के रवैये में कोई सुधार नहीं आया। लगातार बढ़ती प्रताड़ना के कारण मृतका गहरे मानसिक तनाव में थी।

घटनाक्रम से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी सामने आया है। मृतका के पति देवेंद्र (पुत्र रामप्रकाश) ने पिछले साल 17 मई 2025 को गांव की पंचायत के सामने एक लिखित इकरारनामा दिया था।

**इस पत्र में उसने स्वीकार किया था** :मैं अपने पूरे होशो-हवास में परिवार और ग्रामीणों के बीच यह स्वीकार करता हूँ कि भविष्य में किसी भी प्रकार के गलत संबंधों या गलतियों को नहीं दोहराऊँगा। मैं अपनी पत्नी और चार बच्चों का पूरा ख्याल रखूँगा। यदि इसके बाद मैं कुछ भी गलत करता हूँ, तो मेरे खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। मैं अब कभी मरने-मारने की धमकी नहीं दूंगा। इस लिखित वादे के बावजूद, प्रताड़ना का सिलसिला थमा नहीं, जो अंततः इस दुखद घटना का कारण बना।

**इनका कहना है..**
मामले की गंभीरता को देखते हुए बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों को सौंप दिया है।मृतका के भाई ने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पंचायत के पत्र और सभी आरोपों की बारीकी से जांच की जा रही है, जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**आलोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी ( टीआई ), बहोड़ापुर**

# बस से 65 हजार के उपकरण और वायरिंग की चोरी

### दो दिन बाद चोरी का चला पता, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में मायरा गार्डन के सामने खड़ी एक निजी कंपनी की बस को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोरों ने बड़ी सफाई से बस का ताला या खिड़की खोलकर उसके अंदर लगे कीमती इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, मशीनें और भारी मात्रा में वायरिंग का सामान बटोर लिया। चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग 65 हजार रुपये आंकी जा रही है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता रवि शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा, निवासी कोटेश्वर कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह 'माइल्स सप्लाई चैन प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी में कार्यरत है। कंपनी की बस को मायरा गार्डन के सामने पार्क किया गया था। इसके दो दिन बाद जब रवि और स्टाफ के लोग बस के पास पहुंचे, तो उनके होश उड़ गए। बस के अंदर से महंगे 5 और महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण और कीमती मशीनें गायब थीं, साथ ही चोरों ने बस की वायरिंग भी काट दी थी। इसके बाद तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

### राधा की हवेली में शुरू हुआ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**ग्वालियर।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज 17 मई से 23 मई तक खाटू श्याम मंदिर, राधा की हवेली, बाई साहब की परेड, लक्ष्मीगंज में किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक चल रही है। कथा का रसपान रामस्नेही संप्रदाय के विख्यात संत अजब राम महाराज करा रहे हैं। कथा के पहले आज रविवार को दोपहर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई खाटू श्याम मंदिर पहुंची।

# डीआरडीई कर्मचारी के सूने मकान में चोरी,12 लाख का माल ले उड़े चोर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** शहर के हजीरा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के पीछे स्थित मंगल एन्क्लेव में रहने वाले डीआरडीई कर्मचारी के सूने घर का ताला चटकाकर चोरों ने करीब 12 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात उस समय हुई जब पीड़ित परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गांव गया हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, मंगल एन्क्लेव निवासी तहसीलदार गुर्जर पुत्र रामचित्र सिंह गुर्जर डीआरडीई में कार्यरत हैं। बीती 7 मई को वह अपने



परिवार के साथ भतीजी शिवानी की शादी में शामिल होने के लिए दौलसा, रिठौरा (गांव) गए थे। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने इत्मीनान से पूरी वारदात को अंजाम दिया।

शादी समारोह से लौटने के बाद जब तहसीलदार गुर्जर की पत्नी रेखा घर के अंदर कमरे में गईं, तो बक्से और अलमारियां टूटी देख उनके होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने मुख्य दरवाजे के अलावा छत पर बने सीढ़ियों के रास्ते की चद्दर को काटा था और उसी रास्ते से घर के भीतर दाखिल हुए थे। चोरों ने पूरे घर को खंगालकर अलमारी और बक्सों में रखे सारे कीमती आभूषण समेट लिए।

पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी गए कुल माल की कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस:**घटना की सूचना मिलते ही हजीरा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट व अन्य साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**चोरी गए सोने के यह आभूषण**
1 मंगलसूत्र, 30 सोने के मोती, 3 जोड़ी सोने के बाले, 1 जोड़ी टॉप्स, 4 बालियां, 2 सोने के फूल और 8 अंगूठियां (कुल करीब साढ़े छह तोला सोना)।
**चांदी के आभूषण**
1 जोड़ी चांदी की चप्पल, 3 सिक्के, 2 चूड़े, 6 ताबीज, 3 जोड़ी तोड़िया (पायजेब) और 7 जोड़ी बिछिया (कुल करीब एक किलो चांदी)।
**नकदी:** अलमारी में रखे 10,000 रुपए नगद।

**इनका कहना है...**
डीआरडीई कर्मचारी के घर हुई चोरी के मामले में मर्ग व शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चोरों सुराग लगाने के लिए मंगल एन्क्लेव और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों से पूछताछ जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**जितेंद्र सिंह तोमर, थाना प्रभारी, हजीरा**

# दुकान-मकान में लगी भीषण आग,सिलेंडरों में ब्लास्ट से दहली बस्ती

### छत के रास्ते कूदकर परिवार ने बचाई जान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** डबरा के जंगीपुर रोड स्थित मदरसा रोड पर बीती देर रात एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। नीचे गोदाम से शुरू हुई इस आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान मकान के अंदर रखे 8 कमर्शियल गैस सिलेंडरों और फ्रिज के कंप्रेसर में एक के बाद एक कई जोरदार धमाके (ब्लास्ट) हुए, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। धमाके इतने तेज थे कि आसपास के पड़ोसी मकानों की दीवारों में दरारें आ गईं। आग पर काबू पाने के लिए डबरा सहित आसपास के



कई क्षेत्रों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

मदरसा रोड पर स्थित यह मकान जानकी प्रजापति का है, जिनके नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान और गोदाम है, जबकि ऊपर उनका परिवार रहता है। रात करीब 3 बजे जब पूरा परिवार सो रहा था, तभी नीचे गोदाम में अचानक आग लग गई। राहगीरों और पड़ोसियों ने जब नीचे से आग की लपटें उठतीं देखीं, तो उन्होंने परिवार को जगाने के लिए दुकान के शटर पर पत्थर मारना शुरू किया। पत्थरों की आवाज सुनकर जब ऊपर सो रहे परिवार की नींद खुली, तो नीचे आग का तांडव देखकर उनके होश उड़ गए। नीचे उतरने का रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका था। जान बचाने के लिए पूरा परिवार तुरंत छत की ओर भागा और पड़ोस के मकान की छत पर कूदकर अपनी जान बचाई।

**धमाकों के बाद खाली कराया गया इलाका, 8 दमकलें जुटीं** आग की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जैसे ही सिलेंडरों में ब्लास्ट होना शुरू हुआ, पुलिस ने एहतियातन आसपास के सभी मकानों को तुरंत खाली करा दिया। आग की भयावहता को देखते हुए डबरा, भितरवार, पिछोर, आंतरी, बिलौआ, टेकनपुर और ग्वालियर से फायर ब्रिगेड की कुल 8 गाड़ियां बुलाई गईं। कड़ी मशक्कत के बाद सुबह तक आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पूरा मकान और उसमें रखा सामान जलकर खाक हो चुका था। **कुछ दिन पहले ही मंगाया था 20 लाख का माल, सब स्वाहा:** पीड़ित जानकी प्रजापति डबरा में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के बड़े सप्लायर हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले ही दुकान और गोदाम के लिए करीब 20 लाख रुपये कीमत का नया इलेक्ट्रॉनिक्स सामान मंगाया था। इस हादसे में दुकान का सारा नया स्टॉक और मकान के अंदर रखा घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया है। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भीषण गर्मी में यात्रियों की प्यास बुझा रही पंजाबी परिषद

### स्टेशन पर सेवा भाव से प्रतिदिन पिलाया जा रहा निशुल्क ठंडा पानी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** आसमान से बरसती आग और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच सफर कर रहे रेल यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए सामाजिक संस्थाएं आगे रहीं हैं। इसी कड़ी में पंजाबी परिषद द्वारा ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर 2 माह निशुल्क ठंडे पानी की जल सेवा का आयोजन किया जाता है। संस्था के सेवादारों द्वारा स्टेशन पर आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को ठंडे और शुद्ध पेयजल का वितरण किया जा रहा है।



**यात्रियों को मिल रही बड़ी राहत:**मई के इस महीने में तापमान 44 डिग्री के पार पहुंचने से ट्रेनों में सफर कर रहे मुसाफिरों का बुरा हाल है। ऐसे में जब ट्रेनें स्टेशन पर रुक रही हैं, तो पंजाबी परिषद के सदस्य बोगियों तक पहुंचकर यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध करा रहे हैं। खासकर जनरल बोगियों में सफर कर रहे आम यात्रियों के लिए यह सेवा किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। प्यास से बेहाल यात्री संस्था के इस प्रयास की जमकर सराहना कर रहे हैं। **मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म:**इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए स्टेशन पर पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था ठीक से नही हो पाती है। यात्रियों की इसी परेशानी को दूर करने के लिए परिषद ने इस सेवा कार्य का बीड़ा उठाया है। संस्था का संकल्प है कि जब तक यह भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा, स्टेशन पर यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था निरंतर की जाती रहेगी।

### स्नातक पाठ्यक्रमों में शहीदों की विधवाओं एवं संतानों के लिए एक सीट आरक्षित

**ग्वालियर 17 मई।** उच्च शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के परिपालन में प्रदेश के सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पुलिस, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) में शहीद होने वाले कर्मियों की विधवाओं तथा उनके आश्रित बच्चों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की है। आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटों के अतिरिक्त एक सुपरन्यूमेरेरी (अतिरिक्त) सीट निर्धारित की गई है, इससे नियमित सीटों की संख्या प्रभावित नहीं होगी।

# बाइक टकराने पर ठेला संचालक के सिर में मारा हेलमेट

### बीच-बचाव करने पर साथियों के साथ मिलकर की मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** शहर के इंदरगंज थाना क्षेत्र के पाटनकर चौराहा स्थित पार्क के पास शनिवार देर रात को सड़क पर बाइक टकराने की मामूली बात को लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक बाइक सवार ने फोन करके अपने साथियों को मौके पर बुला लिया और बीच-बचाव करने वाले एक छोले-भटूरे के ठेला संचालक के सिर पर हेलमेट से जोरदार हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने आसपास खड़े अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वैष्णो गार्डन के सामने सिकंदर कम्पू निवासी चेतन जायसवाल पुत्र शिवकुमार जायसवाल पाटनकर बाजार स्थित पार्क के पास छोले-भटूरे का ठेला लगाता है। रात एक लोडिंग ऑटो का चालक सतीश वहां से निकल रहा था। उसी दौरान गली से बाइक निकालते समय गोलू अग्रवाल नाम के युवक ने सतीश के ऑटो में टक्कर मार दी।

सतीश को टक्कर लगने पर ठेला संचालक चेतन जायसवाल ने बाइक सवार गोलू अग्रवाल से कहा कि 'बाइक देखकर चलाओ'। इतनी सी बात सुनते ही गोलू अग्रवाल आक्रोशित हो गया और 'तुम लोग मुझे जानते नहीं हो' कहते हुए फोन कर अपने साथियों को बुला लिया।

**साथियों के साथ मिलकर किया जानलेवा हमला**
फोन करने के कुछ ही देर बाद मौके पर तीन अन्य लड़के पहुंच गए। आते ही इन लोगों ने वहां खड़े कालू प्रजापति को मारने के लिए दौड़ाया। जब चेतन जायसवाल ने कालू प्रजापति को बचाने का प्रयास किया, तो गोलू अग्रवाल ने पूरी ताकत से चेतन के सिर पर हेलमेट मार दिया। इसके बाद गोलू और उसके साथियों ने चेतन के साथ बुरी तरह मारपीट की और धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने मामला कायम कर फरार आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

# शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम, निरंतर मेहनत आवश्यक : जाटव

### छात्रा सुमन व छात्र अमन हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं उत्साहवर्धन हेतु म.प्र. अजाक्स ग्वालियर संभागीय संरक्षक शांतिप्रकाश राजौरिया तथा अजाक्स संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाटव ने सामाजिकजनों के साथ कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अजाक्स ग्वालियर अतर सिंह जाटव के निवास पर पहुंचकर विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल टॉपर बनने वाली कु. सुमन जाटव एवं अमन सिंह सोलंकी का सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों



को पेन, पुष्पहार, मिठाई एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। निवास पर उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति, आत्मसम्मान एवं सशक्तिकरण का मूल आधार है। विद्यार्थियों की उपलब्धियां न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय हैं।

संभागीय संरक्षक शांतिप्रकाश राजौरिया ने अपने आशीष वचन में कहा कि समाज के प्रतिभावान बेटा-बेटियों को सम्मानित करने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। अजाक्स संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाटव ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सम्मान प्राप्त करना जितना महत्वपूर्ण है, उससे अधिक महत्वपूर्ण उस सम्मान की गरिमा को बनाए रखना है। इसके लिए निरंतर परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं दृढ़ संकल्प आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को दिन-रात मेहनत कर समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव ने सामाजिकजनों द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन, सम्मान एवं मार्गदर्शन हेतु सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा कहा कि समाज का सहयोग एवं आशीर्वाद बच्चों को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्रदान करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मोतीलाल यादव, मोहन सिंह पलिया, बृजमोहन मौर्य, ज्वाला प्रसाद गर्ग सहित अनेक सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# देशवासियों को नसीहत लेकिन सरकार खरीद रही सोना : दिग्विजय

### पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सोना न खरीदने की अपील बेतुकी



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को ग्वालियर में एनडीए सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार जन अपेक्षाओं एवं हर मुदुदे पर लगभग फेल रही है। उन्होंने बढ़ती महंगाई, नीट पेपर लीक, डीजल पेट्रोल पर भी सरकार को घेरा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों से सोना न खरीदने की अपील कर रहे है जबकि उनकी सरकार जमकर सोना खरीद रही है।

ग्वालियर में रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है। प्रधानमंत्री अच्छे दिनों की बात तो 12 साल पहले से कर रहे हैं लेकिन वह अच्छे दिनों को लेकर पूरी तरह से असफल नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि नीट की परीक्षा में चार पांच बार पेपर लीक की शिकायतें लगातार भाजपा शासित राज्यों में से आ रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017, 2021, 2024 और 2026 में पेपर लीक हुआ और 2025 में हुआ, लेकिन उसे दबा दिया गया। उन्होंने कहा कि संसद की स्टेंडिंग कमेटी का चेयरमैन होने के नाते सभी पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ कुछ महत्वपूर्ण सुझाव समिति ने दिये थे, लेकिन मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह कहकर कि यह कमेटी विपक्ष की है उन सुझावों को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि या तो वह संसद की समिति को मान्यता देते है तो मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें। कांग्रेस पार्टी और उसका सहयोगी छात्र संगठन एनएसयूआई पेपर लीक मामले में देशभर में आंदोलन करते रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जहां एक ओर जनता से सोना नहीं खरीदने की अपील कर रहे हैं वहीं सरकार विदेशों से सोना आयात कर उसे खरीद रही है। इतना ही नहीं सरकार ने आयात शुल्क को भी 15 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार जहां सोना व्यापारियों का धंधा चैपट कर रही है वहीं छोटे लोगों को मंगलसूत्र तक नहीं खरीदने दे रही है। इसकी वह घोर निंदा करते है। इस अवसर पर सांसद अशोक सिंह, विधायकगण डा. सतीश सिंह सिकरवार, सुरेश राजे, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, लाखन सिंह, एआईसीसी सदस्य रश्मि पवार शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, जिलाध्यक्ष शहर सुरेन्द्र सिंह यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, वासुदेव शर्मा आदि मौजूद थे।

भाजपाई दो सौ वाहनों के काफिले में

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने कहा कि सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल की बचत के लिए कहा जा रहा है लेकिन वहीं भाजपा के लोग ही दो दो सौ वाहनों का काफिला लेकर निकल रहे है। इससे गरीब, किसान मजदूर छोटे व्यापारी परेशान है। कई छोटे उद्योग बंद हो गये है और लाखों लोग बेरोजगार हो गये है। सरकार देश में धर्म के नाम पर भावनाओं से नफरत फैला रही है। यह राष्ट्रीय एकता खतरा है। इसकी वह घोर निंदा करते है।

**भोजशाला पर कहा...**
भोजशाला के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भोजशाला को उमा भारती के समय एक रिपोर्ट में कहा था कि भोजशाला मंदिर के प्रमाण नहीं है। अब फैसला कुछ और आया है। जिससे पूरे देश में तनाव का माहौल पैदा किया जा रहा है। पूर्व सीएम से राज्यसभा में जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कवह 5 बार विधानसभा अध्यक्ष दो बार ससंद दो बार राज्य सभा सदस्य रहे है अब औरों को भी मौका देना चाहिये। उन्होंने कहा कि उनका राज्यसभा में जाने का कोई विचार नहीं है।

# तपती गर्मी में बेजुबानों का सहारा बना एमिटी का सकोरा अभियान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** भीषण गर्मी के बीच प्यास से जूझ रहे बेजुबान पक्षियों के लिए एमिटी विश्वविद्यालय ने एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय के एमिटी बिजनेस स्कूल द्वारा परिसर में 'सकोरा अभियान' का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे मिट्टी के पात्र (सकोरे) लगाए जा रहे हैं। यह मानवीय एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा अभियान विश्वविद्यालय परिसर के मैदानों, रास्तों और पेड़ों पर चलाया जा रहा है, ताकि गर्मी के इस कठिन मौसम में उड़ने वाले पक्षियों को आसानी से पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आर. एस. तोमर तथा प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा (एवीएसएम, सेवानिवृत्त) ने अभियान की प्रशंसा की और इसे एक सराहनीय पहल बताया। दोनों गणमान्य अतिथियों ने स्वयं अपने हाथों से पेड़ों पर सकोरे बांधकर इस अभियान को गति दी। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास समाज में पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में प्यासे पक्षियों को राहत पहुंचाना तथा विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एमिटी बिजनेस स्कूल की संस्थान प्रमुख प्रो. नविता नाथानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के मुख्य आयोजकों में डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी एवं डॉ. किशन सिंह राठौड़ शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. राजीव द्विवेदी, डॉ. आस्था जोशी, डॉ. अजीत सिंह सहित अन्य फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95